**राजस्थान सरकार**
**स्वायत शासन विभाग राजस्थान जयपुर**
**राजस्थान नगर पालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालिक) चयन सेवा आयोग**

क्रमांक :– प.1(ग) ( ) आ.भर्ती/साह.प्रो./सू.सहा./डीएलबी/13 दिनांकः–30.09.2013

**संक्षिप्त विज्ञापन 2013**

**सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायक प्रतियोगी परीक्षा 2013**

1. राजस्थान नगर पालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा नियम 1963 के अन्तर्गत, **सहायक प्रोग्रामर एवं सूचना सहायक प्रतियोगी परीक्षा 2013** के लिये निर्धारित ऑनलाईन आवेदन–पत्र Online Application form आमंत्रित किये जाते है।
2. **ऑनलाईन आवेदन भरने की अन्तिम तिथिः**–ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 01–10–2013 से दिनांक 23–10–2013 रात्रि 11.59 बजे तक विभाग की वेवसाईट www.rajdlsg.org और www.rajdlsg.net से भरे जा सकेगें। इसके बाद लिंक निष्क्रिय हो जावेगा। **कृपया ध्यान रखें कि ई–मित्र या जन सुविधा केन्द्र पर फीस जमा कराने की अतिम तारीख 21.10.2013 रहेगी।**
3. **रिक्त पदों की संख्याः– सहायक प्रोग्रामर के 208 पद एवं सूचना सहायक के 101 पदों पर भर्ती की जायेगी।** आरक्षण की स्थिति एवं नियुक्ति प्रक्रिया राज्य सरकार के निर्देशों एवं नवीनतम नियमों के अध्याधीन परिर्वतनीय होगी। विज्ञापित पदों की संख्या में कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है।
4. **परीक्षा शुल्क :**–(क) सामान्य वर्ग व क्रीमीलेयर श्रेणी के पिछडा वर्ग/विशेष वर्ग के अवेदक हेतु रूपये 250/– (ख) राजस्थान के नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के पिछड़ा वर्ग एवं विशेष पिछडा वर्ग के आवेदक हेतु रूपये 150/– (ग) समस्त विशेष योग्यजन तथा राजस्थान की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के आवेदक हेतु रूपये 100/– **अभ्यार्थी अलग–अलग पदों हेतु अलग–अलग आनलाइन आवेदन करें।**
5. **आयु :–** आवेदक 1 जनवरी, 2014 को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका हो और 35 वर्ष से अधिक का नही हुआ हो।
6. **परीक्षा का माह एवं स्थान** :–परीक्षा संभवतः माह दिसम्बर 2013 के अन्तिम सप्ताह में राज्य के संभागीय मुख्यालयों पर करवाई जावेगी। परन्तु प्रशासनिक दृष्टि से विभाग चाहे तो अन्य जिला मुख्यालयों पर या सिर्फ जयपुर शहर में भी परीक्षा आयोजित की जा सकती है।
7. **वेतनमानः– 1.**समय समय पर राज्य सरकार के प्रचलित नियमानुसार परीविक्षाधीन अवधि में पारिश्रमिक देय होगा।
8. पदों का वर्गवार विवरण, आरक्षण की स्थिति, आयु में छूट के प्रावधान, शैक्षणिक योग्यता, परीक्षा का पाठ्यक्रम इत्यादि एवं अन्य जानकारी हेतु विभाग के वेवसाईट www.rajdlsg.org और www.rajdlsg.net पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अध्ययन करें।

**(अलका मीणा)**
**सचिव**
**राजस्थान नगर पालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालिक)**
**चयन सेवा आयोग**

क्रमांक :– प.1(ग) ( ) आ.भर्ती/साह.प्रो./सू.सहा./डीएलबी/13 दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्री बृजेश कुमार वशिष्ठ वरिष्ठ लिपिक को भेजकर लेख है कि उक्त संक्षिप्त विज्ञप्ति को विभाग की वेवसाइड पर अपलोड करवावें।
2. सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी नगर निगम जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्त संक्षिप्त विज्ञापन को राजस्थान के दो प्रमुख समाचार पत्रों यथा राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर के नवीनतम सभी संस्करणों में प्रकाशित करवावे।

**(अलका मीणा)**
**सचिव**
**राजस्थान नगर पालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालिक)**
**चयन सेवा आयोग**